NIOS/Acad./2020/201/01/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम- हिंदी

पाठ-1: बहादुर

कार्यपत्रक-1

1. 'बहादुर' कहानी में बहादुर के नौकर के रूप में काम करना आपको किस प्रकार प्रभावित करता है? टिप्पणी लिखिए।
2. 'बहादुर' कहानी में आपने मध्यवर्गीय प्रवृत्तियों को जाना। मध्य वर्ग की वे विशेषताएँ लिखिए जो आपकी दृष्टि में प्रशंसनीय हैं।
3. कल्पना कीजिये कि आप 'बहादुर कहानी के किशोर हैं। बहादुर के भाग जाने पर आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी और आप अपने स्वभाव में क्या परिवर्तन लाएँगे?
4. बहादुरके इस कथन से - 'माँ-बाप का क़र्ज़ा तो जन्म भर भरा जाता है' आप सहमत हैं या असहमत? यदि सहमत हैं तो आप इस ऋण को कैसे उतार रहे हैं या उतारेंगे ? यदि असहमत हैं तो तर्क द्वारा अपना मत स्पष्ट करें।
5. 'नौकर तो पिटते ही रहते हैं'- वाचक के इस कथन से आप सहमत हैं अथवा असहमत? अपनी सोच और अनुभव के आधार पर तर्क दीजिये।
6. क्या आप न चाहते हुए भी, कभी अपने परिवार से दूर हुए हैं? उस स्थिति की तुलना बहादुर से करते हुए अपने जीवन की सभी सकारात्मक बातों की सूची बनाइये।
7. आपके आस-पास के परिवेश में कोई और नौकर 'बहादुर' न बन जाये, उसके लिए आप क्या प्रयास करेंगे?
8. 'बहादुर' कहानी के अंत में बहादुर अपना सारा सामान छोड़कर भाग जाता है। यदि आपको इस कहानी का अंत लिखने के लिए कहा जाता तो आप इस का अंत कैसे करते?
9. बहादुर कहानी पढ़कर आपको इसके पात्रों के प्रति कई प्रकार की भावनाएँ उत्पन्न हुईं होंगी? यदि ये पात्र- बहादुर,वाचक,निर्मला और किशोर वास्तव में आपके समक्ष आ जाएँ तो आप क्या उनसे क्या कहेंगे?
10. बहादुर जैसे शोषित वर्ग का जीवन बेहतर हो जाए, इसके लिए आप मध्यवर्ग को क्या सुझाव देना चाहेंगे ?